महानगर के कन्टेंनमेंट जोन में सैनिटाईजेशन जारी

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। नगर निगम ने जारी रोस्टर के अनुसार सैनिटाईजेशन किया। नगर आयुक्त व सहायक नगर आयुक्त ने दवा छिड़काव का निरीक्षण किया।

महिला थाना से निगोही रोड अंदर के होते छोटी लाइन रेलवे लाइन ,बस स्टेशन, कवि तिराहा, खिरनीबाग चौराहे , लोधीपुर, सुभाष चौराहे से रौजा अडडा सैनिटाईजेशन किया गया। भारद्वाज कालोनी फाटक से लाल इमली चौराहे , ईदगाह चौकी , लौहारो वाला चौराहा, कन्नौजिया तिराहे , राजघाट चौकी से बरेली मोड सहित विभिन्न स्थानों को विसंक्रमित किया गया। चार खम्बा से घण्टाघर से अंजान चौकी, अन्टा चौराहा हनुमतधाम पक्का पुल से दाहिने सरायकाईयॉ पुलिस चौकी से बाये पुत्तू लाल चौराहे, ग्रीन वैली स्कूल , बिस्मिल पार्क, पंखी चौराहे , लाल इमली चौराहा,तिलक पार्क गल्ला मंडी होते हुये लकड़ी मण्डी तक नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र के अन्तर्गत कोविड-19 के संक्रमण से जनमानस को सुरक्षित करने के लिए कन्टेनमेंट जोन का सैनिटाईजेशन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा देख-रेख में सेनेटाइजेशन अभियान चलाया गया। बहादुरगंज,सदर बाजार, चौक, जलालनगर बजरिया एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पुलिस लाईन, पेट्रोल पम्प,हास्पिटल,स्कूल,कालेज,रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा एवं आवादी क्षेत्रों संघन सेनेटाइजेशन किया।

नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा एवं अपर नगर आयुक्त एसके0 सिंह ने मो0 खिरनीबाग,सदर बाजार रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन,तारीन टिकली,अजीजगंज, गर्रा पुल से जिला अस्पताल एवं बरेली मोड़ तथा एवं घण्टाघर रोड पर वृहद स्तर पर कराये जा रहे सेनेटाइजेशन को देखा। सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती द्वारा नगर के पुत्तू लाल चौराहा, दलेलगंज, वजीरगंज एवं सरायकाईयॉ में हो रहे सेनेटाइजेषन के कार्य का जायजा लिया गया व अपनी उपस्थिति सेनेटाइजेषन के कार्य को कराया गया। सहायक नगर आयुक्त अंगद गुप्ता नगर क्षेत्र के हनुमतधाम स्थल, हनुमतघाम स्थित रैन बसेरा, बॉस मण्डी, पक्का पुल, विसरात रोड सरायकाईया, पुलिस चौकी, ग्रीन वैली स्कूल, रेती एवं हयातपुरा में कराये जा रहे सेनेटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया गया एवं अपनी उपस्थिति मे सेनेटाइजेषन के कार्य को कराया। नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0गौतम, समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक पवन कुमार, हरवंश दीक्षित, राजमंगल सिंह, चन्द्रवीर सागर, सुनील शाक्य एवं कर्मचार उपस्थित रहे।